# अर्थशास्त्र

**समय:** 3 घंटे XII **अधिकतम अंक :** 80

## सामान्य निर्देश :

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिये गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1-10 तथा 18-27 वस्तुनिष्ठ तथा अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं ,जिनमे प्रत्येक का 1 अंक है।

(iv) प्रश्न संख्या 11-12 तथा 28-29 लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं ,जिनमे प्रत्येक के 3 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न संख्या 13-15 तथा 30-32 भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं ,जिनमे प्रत्येक के 4 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या 16-17 तथा 33-34 प्रश्न दीर्घ उत्तरात्मक हैं ,जिनमे प्रत्येक के 6 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए।

## खण्ड 'अ'

1. 1.निम्नलिखित में से कौन सी कारक आय नहीं है ?

a) लाभांश b) किराया c) विदेशों से प्रेषणाये d) वेतन

2. निवल अप्रत्यक्ष कर बराबर होता है :

a) आर्थिक सहायता – अप्रत्यक्ष कर b) आर्थिक सहायता + अप्रत्यक्ष कर

c) अप्रत्यक्ष कर+ आर्थिक सहायता d) अप्रत्यक्ष कर–आर्थिक सहायता

3. उत्पादन के दौरान स्थिर पूँजी परिसंपत्ति के अप्रत्याशित अप्रचलन को कहा जाता है ?

a) आय की हानि b) स्थिर पूँजी का उपभोग

c) पूँजीगत हानि d) उपरोक्त सभी

4. घरेलू उत्पाद मे किसी देश की घरेलू सीमा के अंदर केवल सभी निवासी उत्पादकों का अंश शामिल किया जाता है। (सत्य /असत्य )

5. ............................. से अभिप्राय अर्थव्यवस्था में एक विशेष समय बिन्दु पर जनता के पास कुल मुद्रा की मात्रा से होता है। (उच्च शक्ति मुद्रा /मुद्रा पूर्ति )

6. एक अर्थव्यवस्था में साख सृजन की गतिविधि किस के द्वारा की जाती है :

a) केंद्रीय बैंक b) वित्त मंत्रालय

c) वाणिज्यिक बैंक d) a तथा c दोनों

7. निम्नलिखित में से किसका मान एक से अधिक हो सकता है ?

a) MPC b) APS c) MPS d) APC

8. निवेश गुणक का मान शून्य और अनंत के बीच रहता है। (सत्य /असत्य )

अथवा

जब MPC का मान 1 होता है तो निवेश गुणक का मान 1 होता है। (सत्य /असत्य )

9. भुगतान शेष में घाटा बराबर होता है :

a) जब समायोजक भुगतान , समायोजक प्राप्ति से अधिक होता है।

b) )जब समायोजक प्राप्ति , समायोजक भुगतान से अधिक होता है।

c) जब स्वायत्त भुगतान , स्वायत्त प्राप्ति से अधिक होता है।

d) जब स्वायत्त भुगतान , स्वायत्त प्राप्ति से अधिक होता है।

10. वस्तुओं और सेवाओं के आयात से विदेशी विनिमय की .............. बढ़ जाती है। (माँग/पूर्ति )

11. सरकारी बजट के 'आय के पुनः वितरण ' के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए।

12. सरकारी बजट में राजकोषीय घाटे के निहितार्थ की व्याख्या कीजिए।

अथवा

पूँजीगत व्यय और राजस्व व्यय में अंतर स्पष्ट कीजिए।

13. केंद्रीय बैंक के 'बैंको का बैंक' कार्य को समझाइए।

अथवा

मुद्रा पूर्ति मे वृद्धि करने में वैधानिक तरलता अनुपात की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

14. समग्र माँग को परिभाषित कीजिए। इसके तीन मुख्य घटक लिखिए।

15. भुगतान संतुलन खाते के स्वायत्त मदों और समायोजक मदों मे अंतर स्पष्ट कीजिए।

16. समग्र माँग तथा समग्र पूर्ति द्वारा आय के संतुलन स्तर के निर्धारण की व्याख्या कीजिए।

अथवा

एक दो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में ,आय फलन है Y=C+I और उपभोग फलन दिया गया है C=80+0.75Y है। यदि निवेश 120 करोड़ रुपए है तो गणना करें : (a) आय का संतुलन स्तर

(b) संतुलन पर उपभोग स्तर (c) संतुलन पर बचत

17. व्यय विधि तथा आय विधि से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए।

(करोड़ो में)

| | |
|---|---|
| i) सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 1000 |
| ii) स्टॉक में परिवर्तन | 700 |
| iii) स्थिर पूँजी का उपभोग | 100 |
| iv) वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात | 400 |
| v) निजी अंतिम उपभोग व्यय | 1800 |
| vi) सकल स्थिर पूँजी निर्माण | 1600 |
| vii) आर्थिक सहायता | 100 |
| viii) वस्तुओं और सेवाओं का आयात | 700 |
| ix) विदेशों से संपत्ति और उद्यमशीलता से प्राप्त निवल आय | -120 |
| x) अप्रत्यक्ष कर | 400 |

| | |
|---|---|
| xi) निजी निगमित क्षेत्र की बचत | 60 |
| xii) कर्मचारियों को विदेशों से निवल पारिश्रमिक | -20 |
| xiii) प्रचालन अधिशेष | 1100 |
| xiv) कर्मचारियों को पारिश्रमिक | 1600 |
| xv) निगम कर | 40 |
| xvi) मिश्रित आय | 1700 |

## खण्ड 'ब'

18. भारत में पहली जनगणना किस वर्ष की गई ?

a) 1951 b) 1881 c) 1921 d) 1947

19. निम्नलिखित में से कौन सी फसल नकदी फसल नहीं है ?

a) चाय b) चावल c) नील d) कॉफी

20. भारत में नई आर्थिक नीति की घोषणा किस वर्ष की गई ?

a) 1991 b) 1993 c) 1995 d) 1997

21.................................से तात्पर्य उस दशा से जिसमे जितने व्यक्तिओ की आवश्यकता होती है उससे अधिक व्यक्तिओ को संलग्न किया जाता है। (मौसमी बेरोजगारी /प्रच्छन्न बेरोजगारी)

22. SJSRY का अर्थ है स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना। (सत्य /असत्य )

अथवा

व्यक्तियों की वह संख्या जो वास्तव में एक निश्चित समय बिन्दु पर रोजगार मे संलग्न होते हैं श्रम बल कहलाता हैं। (सत्य /असत्य )

23. किस काल को' स्वर्णिम क्रांति 'के नाम से जाना जाता है ?

a) 1990-1995 b) 1991-2003 c) 1991-2000 d) 1990-2000

24. निम्नलिखित मे से कौन सी सामाजिक आधारिक संरचना नहीं हैं ?

a) आवास b) शिक्षा c) संचार d) स्वास्थ्य

25. निम्नलिखित में से भू -क्षरण का मुख्य कारण क्या है ?

a) वायु प्रदूषण b) वनों का कटाव c) ओज़ोन क्षरण d) उपरोक्त सभी

26.चीन मे आर्थिक सुधार कब लागू हुए ?

a)1991 b)1958 c)1978 d)1995

27.ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान की शुरुआत ................ मैँ हुई। (1978/1958)

28.औपनिवेशिक काल में भारतीय संपत्ति के निष्कासन से आप क्या समझते है।

अथवा

योजना अवधि के दौरान औद्योगिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्रक को ही अग्रणी भूमिका क्यों सौपी गई थी ?

29.मानव पूँजी मे निवेश आर्थिक संवृद्धि में किस प्रकार सहायक होता है ?

30.सरकार द्वारा ग्रामीण बाज़ारों के विकास के लिए किए गए चार प्रयासों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

भारत मैँ पर्यावरण की चार प्रमुख समस्याओं की व्याख्या कीजिए।

31.जैविक कृषि किसे कहते है ? इसके तीन लाभ लिखिए।

32.पाकिस्तान द्वारा अपने आर्थिक विकास के लिए किए गए चार उपायों का वर्णन कीजिए।

33.अंग्रेजों द्वारा भारत में किए गए छह सकारात्मक योगदानों की व्याख्या कीजिए।

34. सरकार को क्यों शिक्षा और स्वास्थ्य में हस्तक्षेप करना चाहिए ?अपने दृष्टिकोण मैँ विश्लेषण कीजिए।

अथवा

पर्यावरण से आप क्या समझते है ? इसके चार कार्यों की व्याख्या कीजिए।